लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 01:38 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 229, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, मंगलवार, 4 जुलाई 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO :09 MIDDLE

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य मेला शुरू

बरेली, अमृत विचार : 21वें स्थापना दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सोमवार को छह दिवसीय स्वास्थ्य मेले का एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने फीता काट कर उद्घाटन किया। देवमूर्ति ने मेले में आए बुजुर्गों से बातचीत कर उनकी तकलीफों को भी समझा। उन्होंने कहा कि युवाओं के मुकाबले बुजुर्गों को ज्यादा बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मेले का नाम वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य मेला रखा गया है। इस मौके पर मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ . आरपी सिंह ने कहा कि 3 से 8 जुलाई तक चलने वाले इस स्वास्थ्य मेले में बुजुर्गों को रजिस्ट्रेशन और परामर्श निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। साथ ही शुगर, हीमोग्लोबिन, क्रिटिनिन, ईसीजी, एक्स- रे (चेस्ट), हड्डियों की जांच (बीएमडी), श्रवण शक्ति की जांच (ऑडियोमैट्री), पैप स्मियर, आंखों की जांच, मोतियाबिंद एवं ग्लूकोमा की स्क्रीनिंग भी निशुल्क की जा रही है। अन्य जांचों पर भी बुजुर्गों को 25 प्रतिशत की छूट मिल रही है। उन्होंने कहा कि मेले में पहले दिन करीब डेढ़ सौ बुजुर्गों ने रजिस्ट्रेशन कराया।